Regarding Need to provide stoppage of Saharsa ? Lok Manya Tilak Amrit Bharat Express at Rusera Ghat Railway Station in Samastipur district, Bihar-Laid

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** केन्द्र सरकार द्वारा सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया गया है, जो एक अत्यंत सराहनीय कदम है । यह ट्रेन विशेष रूप से गैर-एसी यात्रियों के लिए एक आरामदायक, तेज और सस्ती यात्रा सुनिश्चित करती है, जिससे महाराष्ट्र और बिहार के बीच यात्रा का समय 4 से 5 घंटे कम हो जाएगा ।यह ट्रेन मेरे संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर के अंतर्गत आने वाले रुसेरा घाट रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेगी, लेकिन दुर्भाग्यवश यहां इसका कोई ठहराव निर्धारित नहीं किया गया है । समस्तीपुर-खगड़िया रेलखंड पर रुसेरा घाट स्टेशन (रोसड़ा) ही विभाग को सबसे अधिक राजस्व प्रदान करता है । यह इस क्षेत्र का एक प्रमुख व्यावसायिक और सामाजिक केंद्र है । सबसे अधिक राजस्व देने वाले स्टेशन की अनदेखी करना यहां के लोगों के हितों के साथ न्यायोचित नहीं है । इस ट्रेन का ठहराव न होने से स्थानीय निवासियों में भारी निराशा है और उन्हें इस आधुनिक सुविधा का लाभ नहीं मिल पाएगा । अतः,मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि वे जनहित में इस मामले पर तत्काल ध्यान दें और सहरसा-लोकमान्य तिलक अमृत भारत एक्सप्रेस का रुसेरा घाट स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने का निर्देश दें ।